सार-समाचार

दान देते समय उल्लास रखें : सुमित मुनि

जोधपुर, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने मंगलवार को अपने प्रवचन में कहा कि दान देते समय मन में उल्लास एवं अहो भाव रखें। इससे अन्तराय कर्म का क्षय होता है। मुनि ने कहा कि संत हमारे यहां पधार कर कुछ लेने आते तब हमारे आहार का समय भी वही होना चाहिये। रात्रि को भोजन करने की आदत त्यागना आवश्यक है। संचित का त्याग करना है। भावों से त्याग हो, द्रव्यों के प्रति आसक्त भाव नही रखना चाहिए। हम को थोड़े समय में अधिक से अधिक कर्ज उतारना हो तो मुट्ठीसहीयं पचक्खाण का पालन करना चाहिए है। जिस समय कुछ खाना-पीना करना हो उस समय मुटिठ बंद कर खोल दे जब कार्य समाप्त हो हो जाये तो वापिस मुट्ठी बंद करलें। इससे ज्ञान,दर्शन , चारित्र, तप की आराधना होती है। आज अखिल भारतीय जय-जाप समिति के आजीवन अध्यक्ष शांतिलाल चौपड़ा गुरु दर्शनार्थ जोधपुर पहुंचे। साध्वी ने फरमाया कि प्रार्थना करना अपनी आत्मा को खोजना है। मिली हुई चीज अपनी नहीं होती है। हम पाने व देने के चक्कर में रहते है। पाना व देना एक दूसरे के विरोधी भासी है। ये दोना इच्छाएं हमारे भीतर है। हम चिंतन करते कि मुझे कत्लखाना बंद कराना है लेकिन पहले में इतना कमाई तो कर दूं। हमले ही झूठ पाप का सहारा लेना पड़े।यह रास्ता गलत है।आप प्रत्येक के विचारों को सहन करने की शक्ति रखे। अज्ञानी गटर के पानी की शरबत मान कर पीता है लेकिन ज्ञानी के कहने पर समझ में आ सकती है। तुम्हारे पास धैर्य होना चाहिये, तुम्हारे पास शर्बत होना चाहिए तब कही जाकर स्वाद के अंतर से गटर का पानी छूट सकता है। हमे साधु भगवंतों का कर्ज चुकाना है इसमें हम आहार, पानी, वस्त्र औषधि, परठने की भूमि निर्दोष उपलब्ध कराये। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

महिला हड्डी वार्ड का लोकार्पण आज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने में सदैव अग्रणी भूमिका में रहने वाले जोधपुर मानव सेवा ट्रस्ट की पहल पर भामाशाह के सहयोग से एमजीएच अस्पताल में तैयार नवीनीकृत वार्ड का बुधवार को लोकार्पण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह 10.45 बजे महात्मा गांधी हॉस्पिटल में उद्योगपति एवं समाजसेवी मगराज फोफलिया , विधायक देवेंद्र जोशी एवं अन्य अतिथियों द्वारा इस वार्ड का लोकार्पण किया जाएगा। जोधपुर मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने बताया कि महात्मा गांधी अस्पताल के आर्थोपेडिक विभाग में मरीज का अत्यधिक दबाव रहता है, इसके चलते अस्पताल मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जोधपुर मानव सेवा ट्रस्ट के समक्ष मरीजों की सुविधा के लिए वार्ड के नवीनीकरण करवाने का आग्रह किया। ओझा ने बताया कि जोधपुर मानव सेवा ट्रस्ट ने भामाशाह मूंदड़ा परिवार के समक्ष वार्ड के नवीनीकरण का प्रस्ताव रखा जिस पर मूंदड़ा परिवार की ओर से इस पर अपनी सहमति जताई और स्वर्गीय गोमती देवी कपुरिया की स्मृति में लील बद्रीदास मुंदड़ा ने महिला हड्डी वार्ड का नवीनीकरण करवाया है। जोधपुर मानव सेवा ट्रस्ट के सचिव शिवनारायण मूंदड़ा ने बताया कि करीब 50 लाख रुपए की लागत से यह वातानुकूलित वार्ड तैयार करवाया गया है, जिसमें मरीज के लिए 33 बैड, डॉक्टर एवं नर्सिंग रूम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

अहसान अहमद ने बैठक ली

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने अधिकार मित्रों की वर्चुअल बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकार मित्रों को निर्देश दिए कि गांव गांव ढाणियों में अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक भी प्राधिकरण की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जावे। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जावे। उन्होंने प्राधिकरण की पीडित प्रतिकर स्कीम, नालसा की योजनाओं, विद्यार्थियों के लिए योजना, वृद्धजन के लिए चलाई जा रही योजनाओं सहित अन्य योजनाओं व गतिविधियों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी जावे एवं उनको योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य भी किया जावे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत के फायदों के बारे में भी आमजन का जागरूक करने का आव्हान किया। सचिव ने राजकीय अस्पताल में संचालित सखी सेंटर का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सखी सेंटर में आने वाली हर पीडिता व बालिका को नियमानुसार सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जावे। पीडिताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पीडताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी पीडित को विधिक सहायता या विधिक सलाह की जरूरत हो तो तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जावे।

एकल हस्ताक्षर पट्टा प्रकरण की चर्चा

पोकरण, (कासं)। नगरपालिका पोकरण का बहुचर्चित एकल हस्ताक्षर पट्टा प्रकरण एक बार फिर चर्चा में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर समाचार प्रकाशित होने के साथ ही पालिका अधिशासी अधिकारी का स्थानांतरण आदेश जारी होना तथा उसके तुरंत बाद हुए प्रशासनिक फेरबदल ने सरकार और प्रशासन की कार्यशैली की पोल खोल दी है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रकरण में उपखंड अधिकारी जांच कमेटी द्वारा निरस्त किए गए 289 पट्टों को अधिशासी अधिकारी ने आदेशानुसार निरस्त किया था। न्यायालय ने भी निर्देश दिए थे कि इन पट्टों पर अंतिम निर्णय पालिका बोर्ड बैठक में नियमानुसार लिया जाए। वहीं, वर्तमान बोर्ड की ढुलमुल नीति और निष्क्रियता के चलते यह कार्रवाई अब तक अधर में लटकी हुई है। जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता और प्रशासनिक सुस्ती के कारण इस प्रकरण में भ्रष्टाचार और भूमि बंदरबांट की चर्चाएं तेज हैं। बोर्ड के कार्यकाल का अब केवल कुछ ही समय शेष रह गया है। ऐसे में नगरवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या वर्तमान पालिका अध्यक्ष न्यायालय के आदेशानुसार बोर्ड बैठक बुलाकर एकल हस्ताक्षर पट्टा प्रकरण को निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी करेंगे या यह मामला आने वाले समय में भी भ्रष्टाचार की धुंध में गुम रहेगा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पोकरण जबरसिह ने बताया कि एकल हस्ताक्षरता प्रकरण न्यायालय के आदेश अनुसार पालिका बोर्ड बैठक मैं निर्णय लियाजाएगा। अगर बोर्ड में कमेटी बनाकर खारिज करने की प्रक्रिया की जा सकती है या संयुक्तरूप से अंतिम निर्णय लेकर एकल हस्ताक्षर पट्टा प्रकरण खारीज किया जा सकता है।

भावेश सोनी निर्विरोध अध्यक्ष बने

सांचौर, (निसं)। ब्राह्मण स्वर्णकार समाज सांचौर का दीपावली स्नेहमिलन समारोह का आयोजन श्री महालक्ष्मी माताजी मंदिर में आयोजित किया गया। स्नेह मिलन समारोह का आगाज गुरु अणदाराम जी महाराज के तस्वीर के आगे दीप प्रवज्जलन कर किया गया । सम्मेलन में रंगोली प्रतियोगिता एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज के बच्चियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्नेह मिलन समारोह में सांचौर के समस्त स्वर्णकार समाज परिवार के लोगों ने हिस्सा लिया। पारसमल सोनी ने कहा कि सभी समाज बंधु एक जुट होकर रहे एवं इस प्रकार के आयोजनों से आपसी प्रेम , सोहार्द और भाईचारे के भावनाओं में बढोतरी होती है । सम्मेलन में समाज में जीव सेवा , रक्तदान , मानव सेवा एवं सामाजिक कार्यों के लिए नवयुवक मंडल का निर्माण किया गया जिसमें सर्वसम्मति से भावेश सोनी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। स्नेहमिलन समारोह में पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई , विधायक जीवाराम चौधरी, पूर्व सांसद देवजी पटेल, दानाराम चौधरी डॉक्टर विमल सोनी, व्यापार संघ के अध्यक्ष हरीश सीलू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भावेश सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डांडिया , गरबा एवं सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण किया गया जिसमें लोगों ने फोटो लिए और पूरे दिन एक साथ रहकर स्नेहमिलन किया। इस दौरान प्रकाश, हस्तीमल,भरत,बाबूलाल, ईश्वर, मुकेश, उत्तम, हरीश अरविंद, कमलेश, प्रकाश, रमेश, कांतिलाल, विनोद, छगन, भरत, दिनेश सहित कई जने उपस्थित रहे।

हत्या के आरोपियों की करवाई परेड

पाली, (नि.सं.)। पाली पुलिस द्वारा चार दिन पहले पकड़े गए जितेंद्र मेघवाल मर्डर कांड के आरोपियों की ढोल थाली के साथ बंदोली निकाली गई। यह बंदोली गांधी मूर्ति से रवाना होकर अंबेडकर सर्किल, सूरजपोल, कलेक्ट्रेट होते हुए एसपी ऑफिस पहुंची। सीओ सिटी, औद्योगिक थाना प्रभारी, शहर कोतवाल व पुलिस जाप्ता मौजूद था। देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। एसपी आदर्श हिंदू के निर्देश पर टीम गठित की गई थी। औद्योगिक थाने का मामला था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए और तीन आरोपियों को शीघ्र ही पकड़ डाला और आज उनकी बंदोली रेलवे स्टेशन से सूरजपाल तक निकाली गई।

ग्रामीण सेवा शिविरों का कोई भी कार्य बाकी नहीं रहे : यादव

बालोतरा, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में आज विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव संपर्क पोर्टल, राइजिंग राजस्थान, नकारात्मक समाचार पर कार्यवाही, ग्रामीण सेवा शिविर, फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणा 2024-25 तथा 2025-26 और प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

यादव ने ग्रामीण सेवा शिविर में हुए कार्यों, विशेषकर पट्टा वितरण, राजस्व मामलों के निस्तारण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को दिए गए लाभों का फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होने कहा कि अधिकारी शिविरों में प्राप्त होने वाले सभी परिवादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिये कि ग्रामीण सेवा शिविरों की समाप्ति से पूर्व सभी शिकायतों का निवारण हो, किसी भी विभाग का कोई भी कार्य बकाया नहीं रहे। बैठक के दौरान राज्य एवं केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं 2024-25 तथा 2025-26 के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, ताकि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होने निर्देश दिये कि अधिकारी फ्लैगशिप योजनाओं की शत प्रतिशत क्रियान्विति सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने संपर्क पोर्टल पर लंबित जन शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने डिस्पोजल टाइम एवं राहत प्रतिशत में सुधार के निर्देश दिये।

उन्होंने नकारात्मक समाचारों पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि नकारात्मक समाचारों पर तुरंत कार्यवाही करें और सही स्थिति से प्रशासन को अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी फ्लैगशिप योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने को अपना शत प्रतिशत योगदान दे।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अमृतलाल देवपाल, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता दिग्विजय सिंह, जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

'बुवाई के समय एसएसपी, टीएसपी एवं एनपीके उर्वरकों का उपयोग लाभप्रद'

जालोर, (का.सं.)। कृषि आयुक्तालय ने रबी की बुवाई में तिलहनी एवं दलहनी फसलों के लिए एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट-16 प्रतिशत फॉस्फोरस), एनपीके एवं टीएसपी (ट्रिपल सुपर फॉस्फेट-46 प्रतिशत फॉस्फोरस) को अधिक लाभप्रद बताते हुए इनका उपयोग बढ़ने की सलाह दी है।

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने .षि विभाग के अतिरिक्त निदेशक .षि एवं संयुक्त निदेशकों को इस सम्बन्ध में किसानो को रबी वर्ष 2025-26 में अनुदानित डीएपी के वैकल्पिक उर्वरको को बढ़ाने के निर्देश दिए है कि वे अपने सम्पूर्ण जिले में उर्वरकों की उपलब्धता पर निरंतर निगरानी रखते हुए जिले में फोस्फोटिक उर्वरक डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक टीएसपी, एसएसपी एवं एनपीके कि उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कृषकों को इनके अधिकतम उपयोग की सलाह दें। उन्होंने बताया की राज्य में मानसून की अच्छि वर्षा के बाद अक्टूबर माह में हुई वर्षा के कारन बारानी क्षेत्रों में तिलहनी एवं दलहनी फसलों की बुवाई अधिक क्षेत्र में होना संभावित है। वर्तमान में रात के तापमान में गिरावट के कारन फसलों की बुवाई तीव्र गति से हो रही है ।

सहायक निदेशक कृषि (वि.), जालोर सुभाष चन्द्र ने बताया कि किसानों द्वारा बुवाई के समय फोस्फोटिक उर्वरक में डीएपी के उपयोग का विशेष रूप से प्रचलन है जबकि डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक यथा टीएसपी, एसएसपी एवं एनपीके का उपयोग इन फसलों में अधिक लाभप्रद है साथ ही एनपीके उर्वरक में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश होने से संतुलित उर्वरक के रूप में फसलों के लिए उपयुक्त है। वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग से फसलों में सल्फर तथा कैल्शियम की पूर्ति भी हो सकेगी ।

कृषक तीन बैग (50 किग्रा प्रति बैग) एसएसपी के साथ एक बैग यूरिया, एक बैग (50 किग्रा प्रति बैग) टीएसपी के साथ एक बैग यूरिया तथा एनपीके उर्वरक यथा 12:32:16, 20:20:0:13 इत्यादि का उपयोग विभागीय सिफारिश अनुसार करें।

कांग्रेस के अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं में नाराजगी

जालोर, (का.सं.)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जालोर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष पद पर भीनमाल के इकबाल कोटवाल के नाम पर चर्चा होने के बाद कार्यकर्ताओ मे नाराजगी देखी जा रही है।

जालोर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष को लेकर राजनैतिक सरगर्मी तेज देखी जा रही है। दोनो ही जिलाध्यक्ष के लिए गहलोत व सचिन गुट पुरा जोर लगा रहे है। वहीं कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष पद को लेकर कुछ दिन पूर्व जालोर के राजीव गांधी भवन मे पर्यवेक्षक ने वन टू वन बैठक लेकर कार्यकर्ताओ से फीड बैक लिया गया । जिलाध्यक्ष के आमीन मोयला, रज्जब खोखर, जाकिर अली, रज्जाक खा, भीनमाल से इकबाल खा व इख्तियार खा ने आवेदन किया था। लेकिन पर्यवेक्षक के फीड बैक के बाद भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्धारा जालोर के कद्दावर नेता व पूर्व राज्यमंत्री पाराशर द्धारा अपने चेहते भीनमाल के इकबाल खा कोटवाल को अल्पसंख्यक विभाग का जिलाध्यक्ष बनाने को लेकर पुरे प्रयास किये जा रहे है। पाराशर अशोक गहलोत गुट से होने से वे अपने चेहतों को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर प्रयास कर रहे है। वही सचिन गुट के आमीन मोयला भी जिलाध्यक्ष के लिए पुरा जोर लगा रहे है, लेकिन जालोर मे जिलाध्यक्ष के लिए गहलोत गुट मजबूत नजर आ रहा है। वही इकबाल कोटवाल के जालोर अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष बनने की चर्चा पर कार्यकर्ताओं मे नाराजगी देखी जा रही है। इकबाल गत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी पुराराम चौधरी को टिकट मिलने पर उनका स्वागत करने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे तथा समर्थन दिया। उसे ही कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जालोर का जिलाध्यक्ष बनाने की चर्चा प्रदेश स्तर पर होने से अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ताओं मे नाराजगी साफ देखी जा रही है।

वही अधिकतर पद भीनमाल से बनाने से भी कार्यकर्ताओं में रोष है। जालोर मे जिलाध्यक्ष पद के लिए गहलोत व पायलट गुट के बीच पेंच फसा हुआ है। इकबाल कोटवाल के नाम पर चर्चा के साथ विवाद बढता जा रहा है। जबकि आमीन खां, रज्जब खां व अन्य कई मजबूत दावेदार है। वहीं जिलाध्यक्ष किस गुट का बनेगा, यह प्रदेश स्तर पर तय होगा।

जनसुनवाई 6 को

बालोतरा, (निसं)। विशिष्ट शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जिला बालोतरा में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह नवंबर 2025 का जनसुनवाई कार्य म जारी किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह नवंबर 2025 का जनसुनवाई कार्य म के अंतर्गत प्रथम गुरुवार 6 नवंबर को ग्राम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरुवार, 13 नवंबर को निर्धारित कार्य म अनुसार अटल जन सेवा शिविर एवं तृतीय गुरुवार, 20 नवंबर को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन अभियोग निराकरण विभाग के प्रदत्त निर्देशों की पालना करते हुए जनसुनवाई का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जन सेवा की भावना को नहीं बदलें : नीरज डांगी

रेवदर, (निसं)। राज्यसभा सांसद नींरज डांगी ने बताया की सरकार आती जाती रहती है एवं सरकार बदलती रहती है लेकिन जनप्रतिनिधियों को अपने कार्य करने की शैली को नहीं बदलना चाहिए एवं जनप्रतिनिधियों को सेवक की भूमिका अदा करते हुए जनता की सेवा में अपना समय गुजारना चाहिए।

डांगी ने उक्त विचार निकटवर्ती गांव वरमान में नवनिर्मित ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम उद्घाटन एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खाण में कक्षा कक्ष के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों को जनता की सेवा के लिए चुना जाता है एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनता के कार्यों को लेकर संघर्ष करना होता है एवं सरकार तक आवाज पहुंचाकर जनता की सुख सुविधाओं को बढाने में सहयोग करना होता है, लेकिन वर्तमान समय में कई जगहों पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने इस अवसर पर किसानों के लिए बनाए गए ग्राम सेवा सहकारी समिति भवन से होने वाले फायदो के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम को और भी कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद के द्वारा नवनिर्मित ग्राम सेवा सहकारी समिति भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष हिमपाल सिंह देवल का साफा और माला पहनाकर स्वागत करते हुए इस भवन निर्माण करवाने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग प्राप्त करने पर धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के दौरान समिति के संचालक मंडल का भी राज्यसभा सांसद डांगी के हाथों साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं उन्हें भी शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में आबूरोड प्रधान लीलाराम गरासिया, जितेंद्र चौहान, बिरधचंद, भवानी सिंह भटाणा, लाखाराम चौधरी, सुरेश कुमार, खंगार मेघवाल,करसन लाल लोहार, वरमान पूर्व सरपंच वगताराम चौधरी, गुलाब सिंह देवडा, मजहर हुसैन, केवाराम कोली, पुनम चंद पुरोहित, छेलसिंह , आशीष अग्रवाल रणछोड राम कृष्ण लाल गणेश कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

अन्नकूट आज

पाली, (नि.सं.)। श्री यादे मन्दिर सूरजपोल पर मंगलवार को मन्दिर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों की अन्नकूट महोत्सव को लेकर चर्चा हुई।

पाली पट्टी मीडिया प्रभारी मुकेश प्रजापत ने बताया कि हर वर्ष भांति प्रजापत समाज अन्नकूट महोत्सव करता आ रहा है। इसलिए इस वर्ष भी दिनाँक 29 अक्टूबर को समस्त प्रजापत समाज श्री यादे मन्दिर सूरजपोल द्वारा अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमे ठाकुर जी को 56 भोग का चढ़ावा भी चढ़ाया जाएगा। पाली पट्टी अध्यक्ष भंवरलाल चंदवाडीया ने बताया कि शाम को 7.30 बजे आरती के पश्चात प्रसाद बांटा जाएगा। फतेहराज नगरिया, दिनेश वरादना, चम्पालाल कुंडलवाल, इन्द्र कुमार, मुकेश हाटवा, हस्तीमल, हरिराम, सोनाराम, कैलाश, जसराज, बुद्धराज सहित कई जने उपस्थित रहे।

पत्रकार हितों की रक्षा में जुटा है आईएफडब्ल्यूजे : दवे

जालोर, (कासं)। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट पत्रकार संगठन की स्थापना दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को जालोर स्थित सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के दौरान पीआरओ कार्यालय से सेवानिवृत्त अशोक दवे ने कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा को लेकर आईएफडब्ल्यूजे सदैव तैयार रहा है। दवे ने कहा कि समय के साथ पत्रकारिता में भी बदलाव आया है। नई तकनीक में पत्रकारों के लिए चुनौतियां भी ब? गई है। इसलिए संगठन के माध्यम से पत्रकार इन चुनौतियों को पार कर सकता है। इसमें आईएफडब्ल्यूजे संगठन अग्रणी है। जालोर नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष नितिन सोलंकी ने कहा कि लोकतंत्र के तीनों स्तम्भों की धुर्री मीडिया है, मीडिया को अपनी कसौटी पर खरा रहना होगा, इसके बावजूद कई प्रकार की परेशानियों से गुजरना प?ता है। मुश्किल परिस्थितियों में पत्रकारों के लिए आईएफडब्ल्यूजे जैसे संगठन मजबूती के साथ ख? रहते है। पत्रकारों को भी अपनी तकनीक ब?ाने के साथ डिजिटल माध्यम के दौर में प्रतिष्ठा कायम रखनी होगी। तभी पाठक विश्वास रख पाएंगे। आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष दिलीपसिंह बालावत ने आईएफडब्ल्यूजे संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि करीब 3० हजार प्राथमिक सदस्यों से भी अधिक संख्या में पत्रकार इस संगठन का हिस्सा बन चुके हैं। करीब 17 भाषाओं में 12 हजार से अधिक प्रकाशनों और कई चैनलों का प्रतिनिधित्व करते है, जिससे आईएफडब्ल्यूजे जैसे संगठन की जिम्मेदारी और बढ गई है, बालावत ने कहा कि पत्रकारों को अपनी कसौटी पर खरा रहना होगा, संगठन सदैव हितों की रक्षा में तैयार रहेगा।

इस अवसर पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया के कई पत्रकारबन्धु उपस्थित थे।

आर्य समाज का महासम्मेलन 30 को

जालोर, (कासं)। आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष होने पर इतिहास में अब तक का सबसे विशाल आर्य समाज सार्द्ध शताब्दी अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी, सैक्टर-10, दिल्ली में मनाया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे।

महासम्मेलन में जालोर आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य व आर्य समाज लालपोल के प्रधान विनोद आर्य के नेतृत्व में 45 आर्य वीर और वीरांगनाए 29 अक्टूबर को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि 30 अक्टूम्बर सांयकाल 11111 कुण्डीय भव्य यज्ञ, 3 यज्ञ शालाओं में जिसमें एक बडी और दो छोटी होंगी। उसमे अनवरत यज्ञ चलता रहेगा। एक छोटी यज्ञशाला में नेपाली, अफ्रीकी आदि अन्य भाषाओं में यज्ञ आयोजित होगा। यज्ञशाला के बाहर पूरी गौशाला जिसमें गऊएं होंगी, उनका वहीं पर दूध निकाल कर दही और मक्खन निकाल कर उसी से घी बनाकर उसी घी से यज्ञ करते हुए दिखाया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि 31 अक्टूबर को दोपहर देश के प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि के रूप में आयेंगे। उससे पूर्व 150-150 की संख्या के समूह बनाकर आर्य जन समूहों की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। 1 नवंबर को सायं कालीन पूरे भारत से आए हुए आर्य वीर वीरांगनाओं का सुंदर व्यायाम प्रदर्शन होगा। 2 नवंबर को आर्य परिवार परिचय सम्मेलन होगा। जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों का आप पंजीकरण किया जायेगा। अलग-अलग स्थानों पर लगभग 10 विशाल डोम बनेंगे, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों की प्रतियोगिताएं, युवाओं के लिए गोष्ठियां आयोजित होगी। 3 बडे डोम में विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से आर्य समाज के कार्यों को दिखाया जाएगा, विद्वानों और संन्यासीयो द्वारा शंका समाधान होगा, एक में विचार टीवी द्वारा प्रेरणादायक फिल्में दिखाई जाएगी। स्मृति वाटिका में देश के लिए बलिदान और आर्य समाज को नई दिशा देने वालो के बारे में दिखाया जाएगा। महामंत्री ने बताया कि बच्चों के लिए किड्स जोन होगा जिसमें यदि कोई भी अपने बच्चों को सुरक्षित वहां छोडकर कार्यक्रम का आनंद ले सकेगे। बच्चों के लिए भी बहुत सुंदर व्यवस्था गई है। जिसमें बच्चा प्रसन्न रहेगा। एक हाल मातृत्व सेवा का रहेगा जिसमें बच्चों को दूध पिलाने की सुविधा उनके डायपर आदि चेंज करने की सुविधा मिलेगी। लगभग 10 स्थानों पर नुक्कड नाटक। एक खोया पाया विभाग, एक अमानती गृह (क्लॉक रूम), एक बैंक भी होगा। एक विशाल बाजार में पुस्तकें साहित्य, यज्ञ से सम्बन्धित सामान, सामग्री, यज्ञपात्र, आयुर्वेदिक औषधियां, ध्वज, ओम् पट्टिकाए, पीत-वस्त्र आदि अनेक वस्तुओं की खरीद बिक्री होगी। आर्य ने बताया कि आगंतुक अतिथियों के भोजन का समुचित प्रबंध होगा जिसमें 24 घंटे चलने वाला भोजन निशुल्क रहेगा और यदि आप कुछ विशेष खाना स्वरुचि के अनुसार खाना चाहते हैं तो हल्दीराम जैसे स्टॉल भी उचित रेट पर उपलब्ध रहेंगे। बुजुर्गों के लिए ई-रिक्शा एवं व्हील चेयर का प्रबंध भी किया गया है और बच्चों के लिए प्रेम की सुविधा भी दी जा रही है।

मां ने लगाया आरोप, बेटे को ससुराल वालों ने मारा

जोधपुर, (कासं)। खेमे का कुआं क्षेत्र में गत साल जुलाई में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता लगा कि विषाक्त पदार्थ सेवन से उसकी मौत हुई थी। मृतक की मां ने कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से बेटे को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है।

थानाधिकारी जुल्फिकार अली ने बताया कि मूलत: रोहिचा खुर्द हाल चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 21 में रहने वाली गवरी देवी पत्नी रूगाराम की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसके पुत्र 36 वर्षीय राजाराम की गत साल जुलाई में मौत हो गई थी। उसकी पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जहर देकर मारा था। थानाधिकारी जुल्फिकार अली ने बताया कि गत साल प्रकरण को लेकर मर्ग दर्ज हुआ था। मृतक नशे में था और घर आकर उसे उल्टी हुई थी, बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण विषाक्त पदार्थ से होना पता लगा था। उसने खाया अथवा खिलाया गया इस बारे में अब फिर से जांच कर पता लगाया जाएगा।

राज्यपाल माथुर 30 व 31 को पाली दौरे पर

पाली, (नि.सं.)। सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर 30 व 31 अक्टूबर को पाली जिले के दौरे पर रहेंगे।

सिक्किम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर 30 अक्टूबर को प्रात: 11:30 बजे माथुर कृषि फार्म बेडल से रवाना होकर रणकपुर पहूंचेगे। शाम 5 बजे रणकपुर से प्रस्थान कर बेड़ल पहूचेगें। तथा रात्रि विश्राम करेंगें। 31 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे माथुर कृषि फार्म बेडल से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

सामाजिक विज्ञान मेला आयोजित

रेवदर, (निसं)। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल देरोल में क्लस्टर स्तरीय सामाजिक विज्ञान मेला 2025-26 का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में दक्षा देवडा जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा सिरोही, अध्यक्षता प्रकाश मेघवाल प्रदेश मंत्री भाजपा एसी मोर्चा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में मण्डल अध्यक्ष भाजपा रेवदर व एसडीएमसी सदस्य एवं भमाशाह छगनलाल माली, प्रकाशनाथ गोस्वामी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रधानाचार्य केशर सिंह राव एवं उपस्थित अतिथिगणों के उद्बोधन के साथ हुई। तत्पश्चात प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वाद-विवाद एवं मॉडल प्रतियागिताऐ आयोजित की गई। जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष में प्रथम स्थान मॉडल स्कूल आमेट, द्वितीय स्थान म